भर्ती हेतु सूचना

वरिष्ठ परामर्शदाता – सामुदायिक प्रक्रिया / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता – सामुदायिक प्रक्रियाओं / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर आवश्यकतानुसार सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) के लिए नीतिगत और कार्यक्रम सहयोग प्रदान करना।
- सीपी और सीपीएचसी के लिए राज्य स्तरीय तकनीकी सहायता में सहयोग करना, प्रशिक्षण और कार्यक्रम कार्यान्वयन में राज्य के समकक्ष पदाधिकारियों को सलाह और मार्गदर्शन करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए समय–समय पर राज्यों और जिलों के फील्ड दौरे करना, कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करना और उचित समाधान तैयार करने में राज्यों का सहयोग करना या राज्य / जिला स्तर पर सीपी / सीपीएचसी पर तकनीकी सहायता के लिए उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य / अनुसंधान / शैक्षिक / तकनीकी / सहायता संस्थानों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- आशा कार्यक्रम रणनीति की संशोधन प्रक्रिया में सहयोग करना।
- आवश्यकतानुसार कार्यान्वयन और कार्यक्रम एवं नीतिगत परिवर्तनों को सूचित करने के लिए विभिन्न राज्यों के फील्ड समीक्षा के विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।
- सीपी और सीपीएचसी कार्यक्रमों के डिजाइन में सुधार के लिए आधारभूत माप, परिचालन अनुसंधान और प्रभाव आकलन से संबंधित अध्ययन / मूल्यांकन प्रोटोकॉल तैयार करना, शुरू करना और अध्ययनों का मार्गदर्शन करना।
- कार्यक्रम संबंधी संचालन दिशा–निर्देश, तकनीकी और नीतिगत जानकारी, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्टें, प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी), निगरानी जांच सूची / प्रोटोकॉल इत्यादि के लेखन में योगदान करना।
- राज्यों के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों का पता लगाना और सीपी एवं सीपीएचसी लागू करने वाले अन्य राज्यों / जिलों में प्रचार–प्रसार के लिए नवाचार पोर्टल पर इन्हें दर्ज करने और अपलोड करने में राज्यों और जिलों को सहयोग करना।
- सीपीएचसी के बारे में सूचना के व्यवस्थित संग्रह, अभिलेखन और प्रस्तुति में सहयोग और पर्यवेक्षण करना और निर्णय कर्ताओं को जानकारी प्रदान करना।
- प्रदर्शन और पीअर लर्निंग की प्रयोगशालाओं के लिए इनोवेशन एंड लर्निंग सेंटर या फील्ड प्रदर्शन साइटों की पहचान, विकास और सहायता करने के लिए सहयोग करना।
- पर्यावरण और सामाजिक निर्धारकों पर कार्रवाई संबंधी कार्य करना।
- कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- एमबीबीएस / बीडीएस / आयुष या एमएसडब्ल्यू / समुदाय आधारित स्वास्थ्य देखभाल में रुचि / अनुभव सहित स्वास्थ्य प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।
- एनजीओ / समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का कार्य अनुभव और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन की जानकारी।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य प्रणालियों के कार्य की जानकारी / अनुभव।
- बड़े पैमाने के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों में विशेषकर प्रशिक्षण, नीति निर्माण, और पर्यवेक्षण से संबंधित कार्य करने का अनुभव।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 50 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की अधिक यात्रा

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 99,000 / – रु. से 1,56,000 / – रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **3-Aug-2018 तक** nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।